1	2	3	4	5
12.	IWDP in Raigarh District	1994-95 To 1998-99	390 55	N.R.
13.	IWDP in Raipur District	1994-95 To 1998-99	252.68	N.R.
14.	IWDP in Dhar District	1993-94 To 1997-98	184.91	685.00
		TOTAL :	3038.44	1246.00

N.R. : Not reported.

इंदिरा आवास योजना के अन्तर्गत मकानों का निर्माण

8294. **श्री रामजी लाल :** क्या **प्रधान मंत्री** 16 मार्च, 1995 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 766 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने इस वर्ष इन्दिरा आवास योजना के अन्तर्गत निर्धन लोगों के लिए दस लाख रिहाइशी इकाइयां बनाने का निर्णय लिया है, और

(ख) यदि हां, तो उनके आबंटन के मानदण्ड क्या हैं ?

ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्रालय (ग्रामीण विकास विभाग) में राज्य मंत्री श्री उत्तम भाई पटेल) : (क) जी हां । 1995–96 के दौरान सरकार द्वारा 10 लाख मकान बनाए जाने का प्रस्ताव है ।

(ख) इन्दिरा आवास योजना के अंतर्गत मकानों के आबंटन हेतु मानदण्ड यह है कि लाभार्थीयों को अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों/मुक्त कराए गए बंधुआ मजदूरों अथवा गरीबी की रेखा से नीचे बसर करने वाले गैर-अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लोगों में से होना चाहिए । प्रस्तावित 10 लाख मकानों में से 6 लाख मकान अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों और मुक्त कराए गए बंधुआ मजदूरों के लिए बनाए जाएंगें और शेष 4 लाख मकान गरीबी की रेखा से नीचे बसर कर रहे गैर-अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के गरीब लोगों के लिए बनाए जाएंगे ।

सामाजिक शैक्षणिक विकास केन्द्र, पथराही, बिहार

8295. **श्री रामदेव भंडारी :** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि बिहार के मधुबनी जिले में "कपार्ट" द्वारा वित्तपोषित संस्था सामाजिक-शैक्षणिक विकास केन्द्र, पथराही, झंझारपुर (आर०एस० को स्थापना से लेकर आज तक इसके अध्यक्षों और सचिवों के नाम और पते, पदग्रहण करने और पद-मुक्त होने की तिथियों का ब्यौरा क्या है ?

ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्रालय (ग्रामीण विकास विभाग) में राज्य मंत्री (श्री उत्तमभाई पटेल) : सूचनाएं एकत्र की जा रही हैं और उन्हें सभापटल पर रख दिया जाएगा ।